# लंदन तक गूंजेगी 109 साल पुरानी देनदारी?

- जुम्मालाल रूठिया ने ब्रिटिश सरकार को दिया था कर्ज
- पोते विवेक रुठिया ने दिया अंतर्राष्ट्रीय कानून का हवाला

नवभारत न्यूज


**सीहोर 23 फरवरी. मध्यप्रदेश के शांत शहर सीहोर से एक ऐसा मामला सामने आया है, जो इतिहास के पन्नों को पलटने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कानूनी बहस भी छेड़ सकता है. सीहोर निवासी विवेक रूठिया ने दावा किया है कि उनके दादा, प्रतिष्ठित व्यापारी सेठ जुम्मा लाल रूठिया द्वारा वर्ष 1917 में ब्रिटिश हुकूमत को दिया गया 35 हजार रुपए का कर्ज आज तक वापस नहीं किया गया. अब 109 साल बाद इस ऐतिहासिक देनदारी को लेकर वे ब्रिटिश सरकार को कानूनी नोटिस भेजने की तैयारी में हैं.**

बताया जाता है कि 1917 में, जब देश पर ब्रिटिश शासन था और क्षेत्र भोपाल रियासत के प्रशासनिक प्रबंधन को व्यवस्थित करने की आवश्यकता थी, तब सेठ जुम्मा लाल रूठिया ने 35 हजार रुपए की बड़ी राशि ब्रिटिश प्रशासन को कर्ज के रूप में दी थी. उस समय यह रकम बेहद बड़ी मानी जाती थी—इतनी कि उससे कई हवेलियां या विशाल भूखंड खरीदे जा सकते थे.

सेठ जुम्मालाल रूठिया के पोते विवेक रुठिया का दावा है कि यह लेन-देन लिखित दस्तावेजों के साथ हुआ था और उसके प्रमाण आज भी सुरक्षित हैं. विवेक रूठिया का तर्क है कि यदि 1917 में 35 हजार रुपए की तुलना आज के मूल्य से की जाए—खासतौर पर सोने की कीमत या महंगाई दर के आधार पर—तो यह राशि आज करोड़ों रुपए के बराबर बैठती है. उनका कहना है कि वे विशेषज्ञों से आर्थिक आकलन करवा रहे हैं, ताकि मौजूदा मूल्य का सटीक दावा वसूली के लिए प्रस्तुत किया जा सके.

यह मामला अब केवल एक परिवार की आर्थिक मांग भर नहीं रह गया है, बल्कि यह सवाल भी खड़ा करता है कि क्या औपनिवेशिक दौर के वित्तीय लेन-देन आज भी कानूनी रूप से जीवित माने जा सकते हैं?

इस दावे ने स्थानीय स्तर पर जिज्ञासा और चर्चा का माहौल बना दिया है. अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि क्या 109 साल पुराना यह हिसाब-किताब वास्तव में लंदन तक पहुंचेगा — और क्या इतिहास की यह देनदारी कभी चुकाई जा सकेगी?


Seth Jumma Lal subscribed Rs. 35,000/- of the firm of Seth Rama Kishen Jas karan Ruthia (Rupees Thirtyfivethousand only) to the Indian War Loan and thereby showed his loyalty to the Government and Empire..

Sehore 1917. June 4th

W. S. Davis
Political Agent in Bhopal.

**सीहोर.** ब्रिटिश सरकार को 35 हजार का कर्ज देते समय सेठ जुम्मालाल द्वारा सरकार से एक एग्रीमेंट भी कराया गया था.

### शहर में 40 फीसदी संपत्ति रूठिया की

सेठ मानकचंद्र रूठिया के बारे में कहा जाता है कि शहर की 40 से 45 फीसदी बसाहट उनकी जमीन पर बसी है। इंदौर, सीहोर और भोपाल में कई प्रोपर्टी तो ऐसी बताई जाती हैं, जो रूठिया परिवार के नाम पर दर्ज हैं, लेकिन उन्हें पता ही नहीं है, यदि पता भी है तो उन पर लोगों का कब्जा है। कई संपत्ति को लेकर रूठिया परिवार का कब्जेधारियों से विवाद भी चल रहा है. वहीं, कुछ ऐसे भी लोग हैं इनके मकान, दुकानों में रहते हैं और पुराने हिसाब से 100 से 500 रुपए तक ही किराया देते हैं.

### पारिवारिक वसीयत से निकले दस्तावेज

विवेक रूठिया के अनुसार, उन्हें यह दस्तावेज पारिवारिक वसीयत के माध्यम से प्राप्त हुए. सेठ जुम्मा लाल रूठिया का निधन वर्ष 1937 में हो गया था, यानी कर्ज देने के लगभग 20 वर्ष बाद. लेकिन ब्रिटिश शासन समाप्त होने और भारत की स्वतंत्रता के बाद भी यह राशि कभी वापस नहीं की गई. रूठिया का कहना है कि दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से कर्ज का उल्लेख है और उसी आधार पर वे कानूनी कार्रवाई का रास्ता अपना रहे हैं.

## एग्रीकल्चर स्टार्टअप को बढ़ावा देने फार्म विजिट

**सागर.** दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय, सागर में स्थापित इन्क्यूबेशन सेंटर के अंतर्गत एग्रीकल्चर से जुड़े स्टार्टअप्स के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यार्थियों को मलैया प्रकृति फार्म की विजिट कराई गई, जहां प्राकृतिक खेती से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी गई. फार्म पर युवा स्टार्टअप फाउंडर कार्तिक मलैया द्वारा विद्यार्थियों को प्राकृतिक खेती की विधियों, जैविक खाद निर्माण, फसल चक्र, गोआधारित खेती तथा कम लागत में अधिक उत्पादन के व्यावहारिक मॉडल की जानकारी प्रदान की गई. उन्होंने बताया कि आज के समय में प्राकृतिक खेती न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि युवाओं के लिए एक सफल स्टार्टअप मॉडल भी बन सकती है.


# बगैर नल कनेक्शन के थमाया बिल

**विचार समिति अध्यक्ष कपिल ने नगर निगम की बिलिंग व्यवस्था पर लगाए आरोप**

नवभारत न्यूज

**सागर 23 फरवरी. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी में नगर निगम द्वारा बगैर नल कनेक्शन के भी उपभोक्ताओं को लाखों रुपए के बिल थमाए जा रहे हैं. जिस पर एक होटल मालिक ने बकायादारों की सूची में शामिल करने पर आपत्ति भी जताई है.**

जानकारी के अनुसार विचार समिति अध्यक्ष कपिल मलैया ने नगर निगम की बिलिंग व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि निगम विभिन्न मदों में बिल जारी करने में लापरवाही बरत रहा है. बिना सत्यापन के ही किसी भी प्रकार के बिल जारी कर भुगतान की मांग की जा रही है. उन्होंने बताया कि उनसे दो जल कनेक्शनों के नाम पर लगभग 1.74 लाख रुपये जलकर बकाया बताया गया है, जबकि उनके अनुसार वर्तमान में उनका कोई जल कनेक्शन नहीं है, पूर्व में जो कनेक्शन थे, उन्हें वर्ष 2019 में विधिवत विच्छेद कर दिया गया था, जिसकी रसीद उनके पास उपलब्ध है और संबंधित दस्तावेज भी सार्वजनिक रूप से साझा किए गए हैं, इसके बावजूद बकायादारों की सूची में नाम जारी कर दिया गया, जिससे उनकी अनावश्यक बदनामी हो रही है. श्री मलैया ने कचरा कलेक्शन बिलिंग में भी अनियमितता का आरोप लगाया. पहले सात वर्षों का एकमुश्त बिल दिया गया और अब दो वर्षों का बिल एक साथ थमा दिया गया है.


SAGAR NAGAR NIGAM / सागर नगर निगम

पावती ग्राहक प्रति

पावती क्रमांक / तारीख : 3290002502 - 12.12.2019 :

पिन/सर्विस नंबर/पंजीयन क्रमांक : -

मोड : CASH

श्री/श्रीमती/मेसर्स : विनय /श्रेणिक कुमार मलैया मोबाइल:-

पता : तिलकगंज वार्ड

कुल राशि : 450.00 अन्य जानकारी : नल कनेक्शन विच्छेद कने.न.1001016324

पावती प्रकार : 172 / नल विच्छेद [ WYNDS// ] बाबद

| पुराना कुल: 0.00 | वर्तमान कुल: 450.00 | जीएसटी: 0.00 |
|---|---|---|
| | Rajesh Dubey | 12 DEC 2019 450/- |
| उपयोगकर्ता | काउंटर नंबर | प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर |

### पोर्टल में गड़बड़ी

पिछले कई वर्षों से नगर निगम कार्यालय में जलकर सहित अन्य करों की वसूली पोर्टल के माध्यम से की जा रही है. पिछले वर्ष सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी आ जाने के बाद डाटा गायब हो गया था. पोर्टल-2 में ऐसे सभी उपभोक्ताओं के नाम शामिल है जिन पर करों की बकाया राशि दर्ज है. जलप्रदाय शाखा के अनुसार पोर्टल-2 के कारण ऐसी समस्या कई उपभोक्ताओं के माध्यम से सामने आ रही है. ऐसे उपभोक्ता पिछली रसीद दिखाकर अपडेट करा सकते हैं. मगर उपभोक्ताओं का कहना कि जब नल कनेक्शन विच्छेद कर दिया गया है तो बिल जारी करने के पूर्व ऐसे उपभोक्ताओं से संपर्क करना चाहिए.



# मुख्य पात्रों का किया चयन

नवभारत न्यूज

**गौरझामर 23 फरवरी. बड़े जैन मंदिर में चैतन्य चमत्कारी अतिशय कारी मूलनायक बड़े बाबा पार्श्वनाथ भगवान के दरवार में साल में तीन बार आने वाले पवित्र अष्टानिक महा पर्व में फाल्गुन शुक्ल अष्टमी 24 फरवरी से 3 मार्च तक होने वाले श्री सिद्ध चक्र मंडल विधान के मुख्य पात्रों का चयन बड़े मंदिर में किया गया.**

नवयुवक मंडल के अध्यक्ष प्रतीक खामखेड़ा ने बताया कि प्रत्येक अष्टानिक पर्व में सिद्ध भगवान की आराधना की जाती है. विद्वान पंडित राजेन्द्र, दीपक चौधरी शास्त्री, मुकेश घुरा के मार्गदर्शन में विधान हो रहा है. अनिल घूरा, श्रीपाल मैनासुंद्री व प्रदीप जैन सौधर्मेंद्र बनकर विधान रचायेगें.

संगीतकार सचिन बजाज होंगे और विधान के आयोजक सकल दिगम्बर जैन समाज होगी. विद्यासागर सेवादल नवयुवक मंडल के सौजन्य में विधान होग. संचालक पं दीपक चौधरी जी ने कहा की सारी समाज इस पवित्र विधान में प्रभु की आराधना करें.

# काला हिरण के शिकार का अंदेशा

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 23 फरवरी, सिरोंज तहसील के ग्राम गोपालनगर एवं दीकनाखेड़ा के बीच रोड किनारे काला हिरण के सिर एवं अवशेष मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. इस मौके पर वन विभाग एवं पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. काला हिरण के अवशेषों को जप्त कर लिया है. फिलहाल मामले में जांच पड़ताल की जा रही है. वहीं लोगों ने काला हिरण के शिकार का अंदेशा जताया है.**

वन विभाग के रेंजर बृज मीणा ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम गोपालनगर एवं दीकनाखेड़ा के बीच रोड किनारे क्षेत्र में काला हिरण के अवशेष मिलने की सूचना मिली. जिसपर वन विभाग एवं पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. इस दौरान नर काला हिरण की गर्दन एवं अन्य अवशेष मिले.



रेंजर मीणा ने बताया कि काला हिरण के अवशेषों को जप्त कर लिया है. जिनको लैब टेस्टिंग के लिए भेजा जा रहा है. वही घटनास्थल के आसपास से साक्ष्य एकत्रित किये जा रहे हैं. कैमरों की भी जांच पड़ताल की जा रही है. फिलहाल मामले में जांच जारी है. वहीं मामले में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है. मामले में लोगों द्वारा काला हिरण के शिकार की आशंका जताई गई है.

## तेंदुआ का शिकार करने वाले दो गिरफ्तार

**अशोकनगर।** वन विभाग द्वारा तेंदुआ के शिकार के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वनमंडलाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 17 फरवरी को वनपरिक्षेत्र चंदेरी में पाए गए क्लच वायर से बने फंदे से 1 तेंदुआ की मौत हो गई थी। इस मामले में वन अमले द्वारा प्रकरण कायम कर जांच में लिया गया। तो वहीं अपराधियों को पकड़ने हेतु वनमंडल स्तरीय टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा स्थानीय मुखबिर तंत्र विकसित कर संकलित किये गए तथ्यों के आधार पर सोमवार को करन पुत्र कोमल सिंह एवं चंदू पुत्र प्यारेलाल दोनों निवासी बेहटी तहसील चंदेरी को वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 यथा संशोधन 2022 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया.

# फोकट के प्रचार से बिगड़ रही शहर की खूबसूरती

## नपा और प्रशासन नहीं देते ध्यान, नेताओं की चल रही नेतागिरी




नवभारत न्यूज

**विदिशा 23 फरवरी, शहर की सड़कों पर इन दिनों अव्यवस्था का एक नया चेहरा सामने आ रहा है. मुख्य मार्गों, चौराहों और बिजली के खंभों पर बेतरतीब ढंग से लगाए गए होल्डिंग्स, बैनर और पोस्टर न केवल नगर की सुंदरता को बिगाड़ रहे हैं, बल्कि यातायात व्यवस्था के लिए भी गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं. शहर के व्यस्ततम मार्गों पर खंभों और डिवाइडरों के चारों ओर कई-कई परतों में प्रचार सामग्री चस्पा कर दी गई है, जिससे दृश्यता प्रभावित हो रही है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है.**

शहर के प्रमुख चौराहों और बाजार क्षेत्रों में हालात यह हैं कि बिजली के खंभे पूरी तरह पोस्टरों से ढंके नजर आते हैं. कोचिंग संस्थानों के विज्ञापन, राजनीतिक कार्यक्रमों के बैनर, जन्मदिन की शुभकामनाएं और निजी प्रचार सामग्री एक-दूसरे के ऊपर चिपकी हुई दिखाई देती हैं। कई स्थानों पर बड़े-बड़े फ्लेक्स बोर्ड डिवाइडरों और रेलिंग से बांध दिए गए हैं, जो सड़क किनारे खड़े वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं.

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह की अव्यवस्थित प्रचार सामग्री से चालकों का ध्यान भटकता है.खासकर दोपहिया वाहन चालक जब चौराहों से गुजरते हैं तो उनका ध्यान सड़क संकेतों के बजाय रंग-बिरंगे होल्डिंग्स की ओर चला जाता है.

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

## परिजनों का आरोप है कि शैलेंद्र पर कुछ कर्ज था



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 23 फरवरी** रविवार को फिर एक नव युवक क़र्ज़ से परेशान होकर काल में समाहित हो गया। 26 वर्ष के शैलेन्द्र जाटव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मामला और गंभीर हो गया है। शैलेन्द्र बाज़ार में एक बैग की दुकान में कार्यरत था 21 फ़रवरी 2026को वह अपने काम पर जाने के लिए निकला और दोपहर बाद से उसका कुछ पता नहीं चला रात में परिजनों को सूचना मिली कि शैलेन्द्र उर्फ़ गोलू सेठानी घांट काले महादेव मंदिर के पीछे बदहवास पड़ा है सूचना मिलते ही उसका बड़ा भाई कपिल जाटव मौके पर पहुंचा और उसे ज़िला चिकित्सालय लेकर गया। हालत गंभीर होने पर उसे चिकित्सकों ने ऐम्स भोपाल रैफर कर दिया जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि शैलेंद्र पर कुछ कर्ज था और कर्जदारों द्वारा उसे लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था इसी दबाव से तंग आकर उसने यह कदम उठाया जिससे उसकी मौत हो गई।

### एक नजर में



## राज्य अधिवक्ता परिषद प्रत्याशी कोठारी का स्वागत

**सीहोर.** सोमवार को म प्र राज्य अधिवक्ता परिषद पद प्रत्याशी एवं पूर्व भोपाल जिला बार एसोशिएशन अध्यक्ष पी.सी कोठारी का जिला न्यायालय. परिसर आगमन हुआ. कोठरी नेअधिवक्ताओं से चुनावी जन सम्पर्क अभियान के तहत अधिवक्ता श्रवण वास्तवार के चेम्बर भी पहुंचे यहां मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ता विजय सक्सेना, अय्यूब खान, तरूण सोनी अनुज श्रीवास्तव,श्रवण वास्तवार,सुधीर काशिव, कुतुबउद्दीन शेख,संतोष सिंह, संजय पटेल, शंकर खरे, प्रवीण जैन ,शैलेन्द्र आर्य, मनीष राठौर ने कोठारी का स्वागत किया.

## झिरपा के पास यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त,15 घायल

**पिपरिया** – पिपरिया छिंदवाड़ा मार्ग पर पिपरिया से छिंदवाड़ा जा रही एक यात्री बस झिरपा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कन्डेक्टर के अनुसार स्टेयरिंग फंसने के कारण बस एक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बस चालक और कंडेक्टर सहित करीब 15 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों में से कुछ को एंबुलेंस से तामिया अस्पताल ले जाया गया, जबकि कुछ यात्री पिपरिया अस्पताल पहुंचे। झिरपा माहुलझिर चौकी ने मिली जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना रेनीखेड़ा के पास हुई। महाकाल बस (एम पी 04 पीए 2644) की स्टेयरिंग फंसने से बस अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई।बस कंडक्टर नानक राम भी घायल हुआ जिसने बताया कि स्टेयरिंग फंसने के कारण बस बेकाबू हो गई थी। कंडक्टर नानक राम ने बताया कि चालक सहित कई यात्री घायल हुए हैं। बस चालक सुक्कू गंभीर रूप से घायल हैं। गांव के ग्रामीण घटना स्थल पहुंचे घायलों कों पिपरिया अस्पताल व तामिया पहुंचाया। पिपरिया अस्पताल में डॉक्टर शोभित जैन ने बताया कि सात घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया है। इनमें से तीन गंभीर घायलों को नर्मदा पुरम जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दुर्घटना में बच्चे एवं बडे मिलाकर 15 लोग शामिल हैं.

## भर्ती हेतु कैम्पों का किया जा रहा आयोजन

**टीकमगढ़।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला प्रशासन एवं मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड नीमच के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु सुरक्षा गार्ड के पदों पर भर्ती कैंपो का आयोजन किया जा रहा है। 23 फरवरी को नगर परिषद खरगापुर में, 24 फरवरी को जनपद पंचायत बल्देवगढ़ में, 25 फरवरी को ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में, 26 फरवरी को सीएलएफकार्यालय दिगौड़ा में, 27 फरवरी को जनपद पंचायत जतारा में, 28 फरवरी को सीएलएफकार्यालय बडागांव में, 2 मार्च को ग्राम पंचायत कार्यालय बुडेरा में, 7 मार्च को ग्राम पंचायत कार्यालय मबई में तथा 9 मार्च को जनपद पंचायत में प्रात: 11 बजे से शाम 3 बजे तक भर्ती कैंपो का आयोजन किया जायेगा। शिविरों में इन चयनित युवाओं को नीमच में एक माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नौकरी दी जायेगी, जैसे औधौगिक क्षेत्रों में दिल्ली का लाल किला, खजुराहों का मंदिर, अयौध्या का मंदिर, आईडीबीआई बैक, मप्र, गुजरात, दिल्ली नोयडा में 14000-22000 हजार की मासिक सैलरी पर रखा जायेगा ।

## पीडब्ल्यूडी उपयंत्री मौर्य सड़क हादसे में घायल

**मुलताई।** लोक निर्माण विभाग मुलताई में पदस्थ उपयंत्री सोमवार को बुंडाला बांध के पास सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। उनकी बाइक को एक टवेरा वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। बताया जाता है उपयंत्री राकेश मौर्य सोमवार सुबह बाइक से मुलताई से आमला जा रहे थे। इस दौरान बुंडाला बांध के पास टवेरा वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. जिससे राकी मौर्य के दाहिने हाथ की हड्डी टूट गई। जिन्हे तत्काल नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत गंभीर होने से उपचार के लिए बैतूल रेफर किया है। घटना की जानकारी मिलते एसडीओ सुनील सोलंकी सहित विभाग के कर्मचारी अस्पताल पहुंचे तथा उनका हालचाल जाना। पुलिस द्वारा मामले में कार्रवाई की जा रही है।



# फिल्म पर रोक लगाने की मांग

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 23 फरवरी. यादव महासभा के बैनर तले समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन देकर फिल्म यादव जी की लव स्टोरी पर तत्काल रोक लगाने एवं निर्माता, निर्देशक पर कानूनी कार्यवाही की मांग की.**

ज्ञापन में बताया गया कि इस फिल्म के पोस्टर, ट्रेलर और सोशल मीडिया प्रचार सामग्री में यादव समाज को गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जिसमें यादव समाज की भावनाएं आहत हुई है और प्रदेश एवं देश के समाज के लोगों में रोष व्याप्त है. यादव जी की लव स्टोरी नामक इस फिल्म के प्रदर्शन पर पूरे देश में तत्काल रोक लगाई जाए जिससे सामाजिक सौहार्द बना रहे.

# वन हेल्थ अवधारणा जमीनी स्तर पर ले जाएं

नवभारत न्यूज

**सागर 23 फरवरी. वन हेल्थ एंड एग्रोइकोलॉजी परियोजना के अंतर्गत ऑपरेशनल प्लानिंग कार्यशाला संपन्न हुई.**

कार्यशाला का शुभारंभ डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर ने कहा कि वन हेल्थ एवं एग्रोइकोलॉजी जैसे समन्वित विषयों पर कार्य करना आज समय की आवश्यकता है. उन्होंने मानव, पशु एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य के बीच अंतर्संबंधों को समझते हुए समेकित प्रयासों की जरूरत पर बल दिया. उन्होंने ऑपरेशनल प्लान को गहराई और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से तैयार करने संबंधी सुझाव भी दिए. वन हेल्थ एंड एग्रोइकोलॉजी परियोजना के तहत गत एक वर्ष में किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आगामी एक वर्ष के लिए विस्तृत ऑपरेशनल प्लान तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया.



कार्यशाला के दौरान सभी विभागों ने आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की ताकि वन हेल्थ की अवधारणा को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू किया जा सके. डॉ. अजय रामटेके ने वन हेल्थ परियोजना की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि मानव, पशु और पर्यावरण स्वास्थ्य आपस में जुड़े हुए हैं और इनके लिए विभागीय समन्वय आवश्यक है. डॉ. स्टेफनी प्रूस ने कहा कि पशु औषधियों के अवशेष समस्याओं से निपटने के लिए बहु-विभागीय सहयोग आवश्यक है.

**आयोजन** 5 लाख राम नाम रोज जपने वाले टाटी घाट के वयोवृद्ध टीकाराम दास जी सहित कई तपस्वी संतों का मिला सानिध्य

# संतों की कुटियों तक पहुंची कथा की धारा, भरत-भाव में झुके परिकर

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, भगवान सीताराम की तपोभूमि चित्रकूट के पावन धरा पर सनकादिक आश्रम में नगर वीसियों की ओर से आयोजित हो रही नौ दिवसीय भरत चरित्र की कथा में भरत जी के त्याग, विनय और चरण-वंदन के भाव ने ऐसा प्रभाव छोड़ा कि श्रोता केवल कथा सुनकर नहीं लौटे, बल्कि संतों के सान्निध्य की खोज में निकल पड़े.**

इसी भाव-प्रेरणा में कथा के चतुर्थ दिवस रविवार को कथा-परिकर के भक्ति चित्रकूट की प्रसिद्ध टाटी घाट के तपोवन पहुँचे. टाटी घाट में 100 साल से ऊपर कई संत गुप्त स्थान में दिन-रात राम नाम का भजन कर रहे हैं. जो कभी चित्रकूट छोड़कर बाहर नहीं जाते. भरत चरित्र पर आधारित कथा ने भक्तों के मन में संत-संग की लालसा जगा दी.

रविवार को नौलखी खालसा के श्री महंत एवं कथा व्यास राम मनोहर दास जी महाराज के सानिध्य में मंदाकिनी नदी के तट की ओर घने जंगलों के बीच करीब तीन किलोमीटर की दुर्गम पदयात्रा कर टाटी घाट में परिकर तपस्वी संतों की कुटियों तक पहुंचे.पथरीली चढ़ाइयाँ, सँकरी पगडंडियाँ और एकांत वन-प्रदेश हर मोड़ पर साधना की कठोरता का साक्षात्कार हुआ.कठिन मार्ग के बावजूद परिकरों की गति थमी नहीं बल्कि दर्शन की लालसा थकान से बड़ी साबित हुई.कुटियों में निवासरत तपस्वी वैरागी संत मोहनदास जी, चतुर्भुज दास जी महाराज, मोनी दाऊजी, सियाराम बाबा और पंजाबी भगवान के दर्शन कर परिकरों ने आशीर्वाद लिया. वर्षों की साधना से दमकते संतों के मुखमंडल पर शांति की आभा और वाणी में स्थिरता दिखाई दी.तपोवन में रामनाम संकीर्तन की ध्वनि के बीच संतों का जीवन-क्रम देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे.



### आशीर्वाद लेने की प्रार्थना ने विनम्रता का संदेश दिया

कथावाचक श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज संतों के सम्मुख विनम्र भाव से झुके और आशीर्वाद प्राप्त किया. संत दर्शन इस यात्रा में श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज स्वयं संतों के दर्शन की लालसा लेकर आगे बढ़ते दिखे.कथावाचक की विनम्रता देखते ही बनती थी, संतों के सम्मुख न कोई औपचारिकता, न कोई आसन की आकांक्षा केवल चरणों में झुककर आशीर्वाद लेने की प्रार्थना ने विनम्रता का संदेश दिया ना की श्रेष्ठता का. संतो ने भी पूरे विनम्र भाव से श्रीमहंत जी सहित सभी परिकर मंडल का अभिवादन किया. वहीं परिकर मंडल ने भी संतों के चरणों में झुकते समय औपचारिकता नहीं बल्कि परंपरा के प्रति कृतज्ञता का संदेश दिया.

## भोपाल की चौपाल में शामिल होंगे कांग्रेसी

**रहली.** भोपाल में आयोजित किसान चौपाल में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आगमन पर नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने बैठक का आयोजन किया एवं भोपाल में आयोजित किसान चौपाल में शामिल होकर सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया. इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संजय पटेरिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष दीपक जैन, जिपं सदस्य ज्योति पटेल, पूर्व नपाध्यक्ष सौरभ हजारी, किसान कांग्रेस अध्यक्ष प्रमोद नायक, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष रत्नेश पटेल, बी डी पटेल, एड बिहारी कुशवाहा, परसोत्तम पटेल, एड. रविन्द्र लोधी सहित अनेक कांग्रेस जन सम्मिलित हुए.